पत्रांक 3153/XXVII-1 दिनांक 19.09.2022

मेरठ कॉलेज, मेरठ।

कॉलेज विवरणिका (प्रोस्पैक्टस) छपाई/प्रकाशन हेतु निविदा–सूचना

मेरठ कॉलेज, मेरठ मे प्रवेश आवेदन पत्र (विवरणिका) सत्र 2022–23 की छपाई/प्रकाशन हेतु सील्ड निविदाये दिनांक 26.09.2022 को सायं 4.00 बजे तक निम्न प्रतिबन्धों के अधीन केवल पंजीकृत फर्मो द्वारा प्रस्तुत निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदायें प्राचार्य, मेरठ कालेज, मेरठ के नाम से पजीकृत डाक द्वारा श्री आनन्द सिंह रावत, सम्बन्धित लिपिक, मुख्य कार्यालय के पास निर्धारित अवधि मे प्राप्त हो जानी चाहिये। कृपया लिफाफे के ऊपर निविदा विवरणिका 2022–23 अवश्य अंकित करें।

निविदायें–

1. छपाई का कागज 130 gm का आर्ट पेपर होगा।
2. विवरणिका का साईज 21x28/8 का होगा।
3. प्रति विवरणिका उपरोक्त गुणवत्त के आधार पर कुल 9500 अदद प्रतियॉ होंगी।
4. बहुरंगीय मुख्य पृष्ठ आर्ट पेपर पर सिनारमास कम्पनी के 270 gm वजन ग्लासी फिनिश के कागज पर होगी।
5. पहला प्रूफ एक बार पढ़ा हुआ तीसरे दिन समन्वयक को दिया जायेगा, दूसरा प्रुफ समन्वयक द्वारा पढने के पश्चात एक दिन में देना होगा।
6. प्रूफ पृष्ठ की सज्जा करके देना होगा।
7. फाईनल प्रिन्ट आउट मुख्य समन्वयक द्वारा अन्तिम रूप देने पर ही निकालना होगा।
8. प्रुफ फाईनल होने के तीन दिन में विवरणिका तैयार करके देनी होगी। प्राचार्य द्वारा विशेष कारण स्वीकार किये जाने पर समय से किंचित छूट दी जा सकेगी।
9. बहुरंगीय छपाई उनके कलर प्रूफ फाईनल कराने के बाद ही की जायेगी।
10. तैयार विवरणिका मेरठ कॉलेज कार्यालय में निर्दिष्ठ स्थान पर पहुचाने का दायित्व मुद्रक का होगा। इसके लिए कोई अतिरिक्त भुगतान नहीं किया जायेगा।
11. मुद्रक के पास सेल्स टैक्स/जी0एस0टी0 नम्बर होना आवश्यक है।
12. इच्छुक निविदाकर्ता विवरणिका की गुणवत्ता, कागज, छपाई, जिल्दबन्दी आदि के गत वर्ष की विवरणिका का नमूना श्री आनन्द सिंह रावत, मुख्य कार्यालय के पास से किसी भी कार्य दिवस मे देख सकेंगे।
13. किसी भी निविदा को कारण बताये बिना निरस्त किये जाने का अधिकार प्राचार्य के पास सर्वदा सुरक्षित होगा।
14. अग्रिम भुगतान/धनराशि मुख्य समन्वयक की संस्तुति पर अन्तिम प्रूफ के फाईनल प्रिंट आउट प्रतिबन्ध संख्या 16 मिलने पर प्राचार्य द्वारा विवेकानुसार की जा सकती है अन्तिम भुगतान समस्त विवरणिका कॉलेज में प्राप्त होने के पश्चात समन्वयक द्वारा अग्रसारित किया जायेगा।
15. निविदा के साथ पेपर का नमूना (सैम्पल) लगाना अनिवार्य होगा।

उपर्युक्त किसी भी प्रतिबन्ध में शिथिलीकरण पाये जाने पर सम्बन्धित की निविदा निरस्त कर दी जायेगी।

19.09.22

(प्रो0 एस0एन0 शर्मा)
प्राचार्य

प्रतिलिनि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. श्री ललित शर्मा को इस आशय के साथ कि महाविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड कराने हेतु
2. श्री आनन्द सिंह रावत, सम्बधित लिपिक को उक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही हेतु।

(प्रो0 एस0एन0 शर्मा)
प्राचार्य